## न्यूज डायरी

### बाबा बंसी वाले की स्मृति में भंडारा लगाया



रावड़ी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तरावड़ी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बाबा बंसी वाले की पावन स्मृति में गुरु परिवार द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धापूर्वक कीर्तन से हुई, जिसमें भजन गायकों ने गुरु महिमा और प्रभु भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द बंसल, पूर्व मंडी अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, तरुण बंसल मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### शहरवासियों का सहयोग, अजनबियों से सुरक्षा मिले



नीलोखेड़ी। पंजाबी विकास सभा के प्रधान तथा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष केवल कृष्ण कुकरेजा ने जानकारी देते हुए शहर के आमजन से अपील की शहरवासियों का सहयोग और अजनबियों से सुरक्षा जरूरी है इसलिए व्यापार सहयोग के लिए प्राथमिकता शहर के नागरिक दुकानदारों के लिए होनी चाहिए न कि बाहर यूपी क्षेत्रों से आए अन्जान व्यापरियों के लिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि सुरक्षादृष्टि को मध्यनजर रखते शहर में जो सम्पत्तियां घरेलू व वाणिज्यिक किराए पर दी जा रही हैं उनमें किरायेदारों की भी जांच करते रहें ताकि शहर वासी सुरक्षित रहें।

### फरीदपुर में मेगा पेरेंट्स मीटिंग आयोजित



करनाल। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, फरीदपुर में निपुण हरियाणा मिशन के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को मेगा पेरेंट्स मीटिंग एवं निपुण स्टॉल कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न शिक्षण मॉडल प्रदर्शित किए, जिनके माध्यम से पढ़ाई को सरल, प्रभावी और रुचिकर बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सीआरसी सुषमा, नृपेन्द्र, पीजीटी, स्कूल मुखिया सुभाष, कुलदीप मलिक, सुभाष रोड, मनोज रावल, लाइब्रेरियन सतनाम व अभिभावक उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की न्यायिक जांच की मांग



करनाल। नगरपालिका कर्मचारी संघ की करनाल इकाई ने पंजाब के बरवाला में महिला सफाई कर्मचारियों और बच्चों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए जिला सचिवालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने मामले की न्यायिक जांच और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इकाई प्रधान राजकुमार ने कहा कि पंजाब में सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने समाधान निकालने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपनाया। उन्होंने महिला कर्मचारियों पर लाठीचार्ज को अमानवीय बताया। इस अवसर पर संगठन सचिव बिंदर चौहान, विशाल, मीना, सरोज, रेखा, सुषमा और सेवाराम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विज ने जाना पूर्व उद्योग मंत्री मेहता का हालचाल



करनाल। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बुधवार को एक निजी अस्पताल में पहुंचकर हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने तथा दीर्घायु की कामना की। इस दौरान उन्होंने शशिपाल मेहता के पुत्र एवं पार्षद संजीव मेहता का भी हौसला बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में अनिल विज ने कहा कि शशिपाल मेहता उनके पिछले 50 वर्षों के साथी हैं और मुख्यमंत्री बंसीलाल के कार्यकाल में उन्होंने हरियाणा के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि शशिपाल मेहता एक ऐसे समाजसेवी हैं, जो हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। डॉक्टरों से बातचीत के दौरान उन्हें बताया गया कि उपचार के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और वह पहले से काफी बेहतर हैं।

### तकनीकी लैब का 4 को उद्घाटन करेंगे मंत्री गौतम

करनाल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चार अगस्त को हरियाणा के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम नवनिर्मित रोबोटिक्स, एडवांस्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा पीएलसी स्काडा लैब का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में आईटीआई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, हरियाणा स्किल डेवलपमेंट मिशन के निदेशक डॉ. राजेश गोयल सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे। प्राचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि प्रत्येक कोर्स में 30-30 विद्यार्थियों के चार बैच चलेंगे। इनमें 90 विद्यार्थियों को आवासीय तथा 30 विद्यार्थियों को गैर-आवासीय सुविधा मिलेगी।

### किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया

घरौंडा। नई अनाज मंडी में धान की आवक शुरू होने के साथ ही किसानों को खरीद प्रक्रिया और सरकारी नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों को फसल बेचने से पहले आवश्यक औपचारिकताओं, दस्तावेजों और खरीद प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में मार्केट कमेटी सचिव सरीन कुमार ने कहा कि नई अनाज मंडी में धान की आवक शुरू हो चुकी है। फिलहाल मंडी में 1509 किस्म के धान की आमद हो रही है और आने वाले दिनों में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचेंगे। ऐसे में सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य मिले तथा खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न हो।

### पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया



तरावड़ी। तरावड़ी नगरपालिका द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शहर के नत्था सिंह कालोनी के पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा आसपास के लोगों ने अपने हाथों से पौधारोपण किया। इस दौरान पार्क में न केवल 15 पौधे लगाए बल्कि उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसके अलावा नपा द्वारा एसएमएस मैमोरियल स्कूल में भी पौधरोपण अभियान चलाया।इस अवसर पर तरावड़ी एकता मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़ा, राजकुमार खुराना, सचिव रोहित लामसर, बुधराम व दर्जनों की संख्या में नत्था सिंह कालोनी के लोग उपस्थित रहे।

### उप-तहसील निगदू में एसडीएम का औचक निरीक्षण



नीलोखेड़ी/करनाल। एसडीएम अशोक कुमार ने बुधवार को उप-तहसील निगदू का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला, जबकि अन्य अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यस्थलों पर मौजूद रहे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि आमजन के कार्य निर्धारित समय में, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उप-तहसीलदार साहिल अरोड़ा, हल्का कानूनगो अमन कुमार, नव नियुक्त पटवारी, रजिस्ट्रेशन क्लर्क तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित मिले। एसडीएम ने कंप्यूटर कक्ष, न्यायालय कक्ष और रजिस्ट्रेशन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान डब्ल्यूबीएन बलविंदर सिंह अनुपस्थित पाए गए, जबकि चपरासी और सफाई कर्मचारी मौजूद मिले।

# गुरु पूर्णिमा पर हवन किया गो-सेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला के देव धाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गऊशाला की कार्यकारिणी और गऊ सेवकों ने हवन में आहुतियां देकर गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने तथा गौ माता की सेवा का संकल्प लिया। मुख्य यजमान के रूप में रोहित गुप्ता परिवार सहित शामिल हुए। गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में गऊशाला का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु की कृपा के बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है, इसलिए सभी को गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। महासचिव रामकुमार गुप्ता ने बताया कि गऊशाला में बीमार और घायल गौवंश के उपचार के लिए निःशुल्क चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है, जहां अनुभवी चिकित्सकों और गौ सेवकों की टीम लगातार सेवाएं दे रही है। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, अरुण बंसल, अरुण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राम प्रताप मित्तल, पवन गोयल, प्रवीण कुमार गोयल, दिनेश कुमार सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।



करनाल। गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन करते स्वामी ज्ञानानंद। फोटो : हरिभूमि

### गुरु ही असली पथप्रदर्शक : स्वामी ज्ञानानंद

करनाल। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीकृष्ण कृपा सेवा धाम में श्रीकृष्ण कृपा परिवार और जियो गीता परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने सद्गुरु के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है, क्योंकि गुरु ही अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा देकर धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाई जाती है और गुरु गद्दी सनातन ज्ञान, तप, त्याग और गुरु शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम में गुरु पूजन, व्यास पूजन, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ। अंत में विश्व शांति, मानव कल्याण और राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी तिलक राज अरोड़ा ने दी। आयोजन को सफल बनाने में प्रधान प्रवीण गर्ग, मेयर रेनुबाला गुप्ता, बृज गुप्ता, सुनील गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मेघा बंडारी, संकल्प बंडारी, सतपाल चौहान, अशोक चावला, शिवनाथ कपूर, मुलख राज लूथरा, श्याम अरोड़ा, संजय बत्रा, नवीन बत्रा, श्याम बत्रा, पारुल बाली, सतीश गुप्ता, संजय बिदानी, राजकुमार बहल, पिंकी बत्रा, तिलक अरोड़ा, सतीश नारंग, यश नारंग, तरलोचन सिंह, किशोर अग्रवाल, राज सिंगला, रमेश कत्याल, अशोक टुटेजा, बलबीर सिंह और अनिल बिदानी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया।

### हवन-भंडारे का आयोजन



इंद्री। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा बंसी वाले परिवार की ओर से देवी मंदिर इंद्री में क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हवन-यज्ञ मे आहुति डाली तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाबा बंसी वाले के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। आचार्य मोहित शर्मा ने विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया और उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु की महिमा का वर्णन किया। यज्ञ के यजमान के रूप में सचिन गोयल ने पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर यशवनी गर्ग, निशपाल गर्ग, नरेश गर्ग, रघबीर कांबोज, सोहन जिंदल, देशराज सिंगला, जगदीश मित्तल, सुभाष बंसल, मदन गोयल, नंदकिशोर शर्मा, जगदीश गोयल व वासु गोयल सहित गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### ज्ञान और संस्कृति का पावन पर्व : नारंग



करनाल। समाजसेवी एवं उद्योगपति अनिल नारंग ने गुरु पूर्णिमा पर कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति में ज्ञान, श्रद्धा, संस्कार और गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। गुरु जीवन में प्रकाश और सही दिशा देने वाले होते हैं तथा समाज में नैतिक मूल्यों और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि महाकाल स्वामी कैलाशपुरी कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और धरती बचाने का अभियान चला रहे हैं, जिसके लिए उन्हें देश-विदेश में सम्मान मिल चुका है। समाज को उनके संदेश से प्रेरणा लेनी चाहिए। अनिल नारंग ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का संबंध महर्षि वेदव्यास से है, जिन्होंने वेदों का विभाजन, महाभारत और अनेक पुराणों की रचना कर मानवता को अमूल्य ज्ञान दिया। उन्होंने सभी से अपने गुरुजनों, माता-पिता, शिक्षकों और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का आह्वान किया।

### प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



नीलोखेड़ी/करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में सामाजिक अंकेक्षण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण योजनाओं की समीक्षा भर नहीं, बल्कि शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी आमजन तक पहुंचेगा, जब उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।

# महापौर ने सुनीं समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और नागरिकों से सीधे संवाद की अपनी कार्यशैली को आगे बढ़ाते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, सफाई, जल निकासी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पेयजल तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं।

महापौर ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समाधान कराया, जबकि अन्य शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम केवल प्रशासनिक दायित्व निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। शहर की स्वच्छता, बेहतर सड़कें, मजबूत जल निकासी व्यवस्था, सुचारु स्ट्रीट लाइट और अन्य



### जलभराव के मामले में सीवरेज नेटवर्क होगा मजबूत : महापौर

बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए नगर निगम प्रशासन योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहा है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि शहरवासियों को जलभराव से मुक्ति दिलाना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। नागरिकों से अपने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव खुलकर नगर निगम तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और आमजन के साझा प्रयासों से करनाल को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाया जाएगा।

### रफी-किशोर नाइट दो को



करनाल। वॉयस ऑफ इंडिया-द म्यूजिक पीपल एवं नवचेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में 26वीं रफी-किशोर नाइट का आयोजन 2 अगस्त (रविवार) को शाम पांच बजे डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम, अंबेडकर चौक में किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन पद्म विभूषण आशा भोसले और पद्म भूषण सुमन कल्याणपुर को समर्पित रहेगा। यह जानकारी आयोग को ने आज एक प्रेस वार्ता में दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता तथा हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता नवचेतना मंच के अध्यक्ष एस.पी. चौहान करेंगे। इस मौके पर नवचेतना मंच के अध्यक्ष एसपी चौहान, संगीतकार गायक कृष्ण अरोड़ा, रेडियो उद्घोषक महेश शर्मा, चंद्र मेहता, संदीप साहिल मौजूद थे।

### कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की बैठक की अध्यक्षता

# अफसरों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 13 परिवादों में से सात मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया, जबकि शेष छह मामलों की पुनः जांच उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई।

बैठक में लंबित और नई शिकायतों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीआरपी एनक्लेव सेक्टर-36 से संबंधित शिकायत पर बताया



करनाल। पंचायत भवन में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा।

गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस पर विधिक राय लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। न्यू डीसी कॉलोनी निवासी उषा रानी की को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा प्लॉट आवंटन संबंधी शिकायत में मुख्यालय से जवाब आने के बाद उपायुक्त स्तर पर दोबारा जांच कराई जाएगी। गांव गोंदर निवासी सुरजीत सिंह की खनन विभाग से जुड़ी शिकायत की जांच एडीसी स्तर पर जारी होने के कारण मामला फिलहाल लंबित रखा गया।

### राहुल गांधी पर राणा का विवादित बयान

करनाल। लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पर हुई बहस के बीच करनाल पहुंचे हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी कर दी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह राहुल गांधी के भाषण देखते हैं, लेकिन उन्हें समझ नहीं आता कि वह न देशी हैं, न विदेशी, बल्कि बीच का माल हैं। कृषि मंत्री करनाल में किसानों की शिकायतें सुनने पहुंचे थे।

## न्यूज डायरी

### एलएडीसीएस के वकीलों का धरना जारी



करनाल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (एलएडीसीएस) के पैनल अधिवक्ताओं का धरना बुधवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि पैनल में नियुक्तियों की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी की जा रही है। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि कई महीनों से वे अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला है। अधिवक्ताओं ने सरकार और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने तथा नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे योग्य और पात्र अधिवक्ताओं को न्याय मिल सकेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर पंजाबी धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम



तरावड़ी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तरावड़ी की पंजाबी धर्मशाला में स्वामी अद्वैत स्वरूप जी के शिष्यों द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप जी महाराज ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपने शिष्यों एवं संगत को आशीर्वाद प्रदान किया। महाराज श्री ने गुरु महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गुरु ही व्यक्ति को सही मार्ग दिखाकर उसके जीवन को सफल बनाता है। उन्होंने बताया कि गुरु धारण करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। गुरु बनाने से पहले व्यक्ति को उसके गुण, आचरण और ज्ञान का गहन विचार अवश्य करना चाहिए।

### 31 अगस्त तक जमा करें संपत्ति कर: सलोनी

करनाल। नगर निगम ने रिकॉर्ड संपत्ति कर वसूली के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पहले चरण में एक करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर बकाया रखने वाले संस्थानों और विभागों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जबकि दूसरे चरण में 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक के बकायादारों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार द्वारा संपत्ति कर के बकाया ब्याज पर 75 प्रतिशत की विशेष छूट 31 अगस्त तक दी गई है। सभी बकायादार इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते अपना बकाया जमा कर दें, अन्यथा सितंबर से नियमानुसार सीलिंग और अटैचमेंट की कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि संपत्ति कर शाखा चरणबद्ध तरीके से सभी बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर रही है। अगले एक सप्ताह के भीतर 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक बकाया रखने वाले सभी संस्थानों और विभागों को नोटिस वितरित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य 31 अगस्त तक अधिकतम संपत्ति कर संग्रह करना है। इसके लिए संपत्ति कर शाखा के अधिकारी और कर्मचारी पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहे हैं तथा प्रत्येक बड़े बकायादार की लगातार निगरानी की जा रही है।

### वन महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी



करनाल। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी (निर्माणाधीन), कुटेल में 30 जुलाई को आयोजित होने वाले 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण तथा वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि जिला प्रशासन और वन विभाग ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही वह वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा 'हरियाणा फॉरेस्ट न्यूज' और 'धार्मिक वृक्षारोपण' पुस्तिकाओं का विमोचन भी करेंगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 800 स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री के साथ पौधरोपण करेंगे। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बच्चों एवं उपस्थित नागरिकों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की शपथ भी दिलाएंगे।

### गुरु पूर्णिमा ज्ञान के साथ हरियाली का संकल्प



तरावड़ी। एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, प्रेरणादायक भाषण, कविता पाठ, समूहगान तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों में बताया कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सही मार्गदर्शन देकर व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब उसमें ज्ञान के साथ संस्कार भी जुड़े हों। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

### योग शिक्षक दिनेश गुलाटी का सम्मान



करनाल। गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि वेदव्यास जयंती के अवसर पर सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क योग कक्षा में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग साधकों एवं शिक्षकों ने योग शिक्षक दिनेश गुलाटी को दोशाला ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। दिनेश गुलाटी ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान के समान स्थान दिया गया है। गुरु ही ज्ञान, योग, आध्यात्मिकता और जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है और योग गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह पावन पर्व है। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं नीलम बतला, निधि गुप्ता और वीणा धीर को भी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी गईं। योग साधकों ने कहा कि दिनेश गुलाटी ने हजारों लोगों को योग और स्वस्थ जीवन की राह दिखाई है। इससे पूर्व उन्होंने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में विभिन्न योग कक्षाओं के साधक उपस्थित रहे।

### कंगना की टिप्पणी पर मीना परमार की दो टूक

करनाल। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत की सोशल मीडिया पर की गई विवादित टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग उचित नहीं है। चाहे महिला हो या पुरुष, सभी को सम्मान के साथ जीने और अपनी बात रखने का अधिकार है। यदि किसी की सोच या व्यवहार पर आपत्ति भी हो तो मर्यादित और सम्मानजनक शब्दों का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। समाज में ऐसे शब्दों के लिए कोई स्थान नहीं है जो किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाएं।

### जेल, अस्पताल,महिला थाना की व्यवस्थाएं परखी



करनाल। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने बुधवार को जिला कारागार, नागरिक अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर और महिला पुलिस थाना का निरीक्षण कर महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला जेल और नागरिक अस्पताल में महिला शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### न्यायाधीश ने जेल का निरीक्षण किया

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की अध्यक्ष वाणी गोपाल शर्मा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए सचिव वर्षा शर्मा ने जिला जेल, पानीपत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य जेल में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कल्याणकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेना और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना रहा। उन्होंने जेल की रसोई, बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, रसोई परिसर की स्वच्छता तथा भोजन तैयार करने और वितरण के दौरान अपनाए जा रहे स्वच्छता मानकों की जांच की।

### हालसा-नाल्सा योजनाओं की समीक्षा की

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के पैनल अधिवक्ताओं की बैठक को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, डीएलएसए, पानीपत वर्षा शर्मा के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य डीएलएसए के पैनल अधिवक्ताओं द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान हालसा/नाल्सा योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिलेभर में पौधरोपण गतिविधियों में पैनल अधिवक्ताओं के सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई। साथ ही अधिवक्ताओं को संबंधित सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर मासिक अभियान स्वस्थ बच्चा, सशक्त राष्ट्र – कुपोषण उन्मूलन को सक्रिय रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।

### गांवों में विकासऔर रोजगार को मिली गति

**पानीपत।** ग्रामीण विकास को गति देने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित वीबी-जी राम जी (विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट-2025) के तहत गांव बड़ौली स्थित व्यायामशाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) डॉ. किरण सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

### बाइक चोर ने की चार वारदातें, गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी साहिल निवासी गांव छाजपुर जिला पानीपत को चोरी की एक स्पलेंडर बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में बाइक चोरी की चार वारदातों का खुलासा हुआ है। थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपी से बरामद बाइक चोरी बारे थाना चांदनी बाग में मोहम्मद सैफ निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने कट्टे व कारतूस के साथ पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस ने अवैध पिस्तौल व दो जिंदा रौंद के साथ अजय उर्फ कोकी पुत्र सुभाष निवासी अर्जुन नगर, काबड़ी पानीपत गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया किआरोपी पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और अजय को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने शिव नगर में घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी की वारदात में शामिल फरार चल रहे दूसरे आरोपी पड़ाव मोहल्ला, रोहतक निवासी आकाश को गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि ई-रिक्शा से बैटरी चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में संतोष की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आकाश पेशेवर अपराधी है और इस पर रोहतक व जींद में चोरी के पांच केस दर्ज है।

---

### वाईएपी में अब नहीं होगी देरी, पुराने औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी की दिशा में बड़ा कदम

# यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करेगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

**सीवर नेटवर्क की व्यवहार्यता होगी तैयार**



पानीपत। यमुना प्रदूषण मुक्ति को लेकर बैठक करते हुए एडीसी अंकित चौकसे व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए, ड्रेन-वार एक्शन प्लान की प्रगति की समीक्षा को लेकर बुधवार को मंडल आयुक्त करनाल राजीव रतन की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान यमुना एक्शन प्लान के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास एवं प्रदूषण नियंत्रण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में सभी परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं, एडीसी चौकसे ने बताया गया कि जिले में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का कार्य संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तेजी से किया जा रहा है। वहीं, चौकसे ने नगर निगम तथा एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने औद्योगिक क्षेत्र में सीवर नेटवर्क विकसित करने की व्यवहार्यता का संयुक्त रूप से अध्ययन किया जाए। साथ ही वर्तमान 10 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) में परिवर्तित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को शीघ्र भेजी जाए, ताकि समयबद्ध तरीके से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके, ताकि यमुना नदी में प्रदूषण कम करने के लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सके। वहीं, निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्यों को पूरा कराने तथा यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

---



पानीपत। प्रेस वार्ता करते हुए डॉ.ईश्वर बोहरा व डॉ.संजय सेन। फोटो: हरिभूमि

## पानीपत में भी होगा जॉइंट रिप्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

बीएलके मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली ने सुनील मेमोरियल हॉस्पिटल पानीपत में विशेष जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। बीएलके मैक्स के जॉइंट रिप्लेसमेंट प्रोग्राम के सीनियर डायरेक्टर डॉ. ईश्वर बोहरा और सुनील मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय सेन उपस्थित रहे। डॉ. ईश्वर बोहरा हर महीने के पहले और तीसरे बुधवार की शाम छह से आठ बजे तक ओपीडी में मरीजों को परामर्श और फॉलो-अप सेवाएं देंगे। जोड़ों में दर्द, अकडन, सूजन और चलने-फिरने में परेशानी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। रोबोटिक-असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को अधिक सटीक और प्रभावी बताया। डा.संजय सेन ने कहा कि इस साझेदारी से पानीपत और आसपास के लोगों को विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। ओपीडी के माध्यम से मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श, जांच, उपचार योजना, फॉलो-अप और जरूरत पड़ने पर एडवांस्ड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए रेफरल की सुविधा मिलेगी।

---

## एआई से बदलेगी देश की शिक्षा व उद्योगः डॉ. शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



पाइट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजबान।

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग द्वारा एडवांस्ड एआइ एंड डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के नवीनतम शोध और तकनीकी नवाचारों पर विचार साझा किए। सम्मेलन का आयोजन चेयरमैन हरिओम तायल एवं निदेशक प्रो. डॉ. शक्ति कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र वर्मा और प्रो. डॉ. पूनम पंवार ने की। डॉ. साक्षी एवं डॉ. मंजू सरदाना संयोजक, डॉ. जीएस भामरा एवं डॉ. गुरमीत कौर सह-संयोजक तथा डॉ. अजय एवं डॉ. अंकिता सम्मेलन सचिव रहे। सम्मेलन में दक्षिण कोरिया की सेजोंग यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. फरानक ने कहा कि आने वाले समय में केवल शक्तिशाली एआई पर्याप्त नहीं होगा, प्राइवेसी सुरक्षित और विश्वसनीय एआइ की सबसे अधिक आवश्यकता होगी। पाइट के निदेशक प्रो. डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक नई तकनीक नहीं, बल्कि शिक्षा, उद्योग और समाज में व्यापक परिवर्तन लाने वाली क्रांतिकारी शक्ति है। सम्मेलन में डॉ. देवेंद्र प्रसाद, प्रो. डॉ. स्तुति और प्रो. डॉ. सुमन ने शिरकत की।

### नशेड़ी पति से तंग विवाहिता ने तेजाब पी कर सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कॉलोनी में 28 वर्षीय विवाहिता नेहा ने घरेलू कलह के चलते तेजाब पी लिया। नेहा को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं, उपाचार के दौरान नरेहा की मौत हो गई। वहीं, नेहा की बहन सोनिया व जीजा सौरभ ने बताया कि करीब सात साल पहले नेहा ने गौरव उर्फ गौरी के साथ परिवारा के विरूद्ध जाकर प्रेम विवाह किया था, दोनों के दो बच्चे है। इधर, गौरव नशे का आदी और वह नेहा के साथ मारपीट करता था। नशे की लत के चलते गौरव काम भी नहीं करता था, जबकि नेहा लोगों के घरों में चौका बर्तन कर परिवार का गुजारा कर रही थी। आरोप लगाया कि गौरव नशे के लिए नेहा से रुपये मांगता था, नहीं देने पर नेहा को मारता पीटता था। नेहा ने गौरव से दुखी होकर ही अपनी जीवन लीला समाप्त की है। पुलिस ने नेहा के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

## दौलत तो बढ़ी, पर मेरा घाटा नहीं गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। राष्ट्रीय साहित्य चेतना मंच की मासिक गोष्ठी कवियों का स्वागत करते हुए मेजबान। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय साहित्य चेतना मंच की मासिक गोष्ठी का आयोजन विहान ऑफिसर्स क्लब पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सलीम जावेद ने की। जबकि मुख्य अतिथि डॉ. अनस आतिफ और विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश रॉय सरल न्यूटनी रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि मनु बदायूंनी ने किया। गोष्ठी का आरंभ सूरज स्वरांश ने सरस्वती वंदना के साथ किया। कवि अनुपिंदर सिंह अनूप ने सुनाया कि गंवा दोगे अगर हिम्मत, सवेरा कौन देखेगा। मनु बदायूंनी ने सुनराया कि दौलत तो बढ़ी पर मेरा घाटा नहीं गया, चीखों से मेरे घर का सन्नाटा नहीं गया। अरूण कुमार ने सुनाया कि रोते बच्चों को हंसाने के लिए, कोजिये कुछ तो जमाने के लिए। डॉ. सुरेश रॉय सरल न्यूटनी ने सुनाया कि हम चढ़ाते है बड़ी श्रद्धा से और वो दान चुरा लेते है। सलीम जावेद कैरानवी ने सुनाया कि गर यकीं नहीं आता पूछ ले जमाने से, हर तरफ अंधेरा है, चांद डूब जाने से। वहीं, कवि अनस आतिक ने सुनाया कि अंधेरों में जलेगा तो वहां कुछ फायदा होगा, उजालों में चरागों की कोई कीमत नहीं होती। वहीं, सूरज स्वरांश, राजेश कुमार, करनजीत सिंह मान नीलोखेड़ी, हरविंदर सिंह हैरी ने भी अपनी कविताएं सुनाई।

---

## कांवड़ यात्रा के लिए पानीपत पुलिस पूरी तरह से अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



अतिसंवेदनशील पानीपत जिला में कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर पानीपत पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड आ गई है। 30 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिद्वार (उत्तराखंड) से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान करेंगे। पानीपत, उत्तर प्रदेश के बार्डर से सटा हुआ है। हरियाणा के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त राजस्थान के लाखों कांवड़िएं पानीपत के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कांवड़ यात्रा के सफल एवं सुरक्षित संचालन के लिए एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं, सभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, कांवड़ यात्रा की समाप्ति तक पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध रहेगा।

## जीडी गोयंका में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



पानीपत। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर सम्मानित शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। विद्यार्थियों ने गीत, कविताओं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ.आदित्य कुमार ने विद्यार्थियों को गुरुजनों का सम्मान करने और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन अतुल जैन ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, मैनेजर बलराम शर्मा, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर देवीलाल कॉलेज नया शिक्षा सत्र शुरू



**पानीपत।** चौधरी देवी लाल मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज, गांव सिवाह में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत भारतीय ज्ञान परंपरा महर्षि वेदव्यास की जयंती पर बुधवार को यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुमन लता, पूनम देवी समेत शिक्षिकाएं व छात्राएं आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की ओर से देवी मंदिर के हाल में गुरु पूर्णिमा पर्व, यज्ञ कर मनाया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में बाबा रामदेव के भक्त उपस्थित रहे। इधर, ब्रह्माकुमारीज हुडा सेक्टर-25 के सेवा केंद्र पर गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन हुआ। जिसमें सेवा केंद्र संचालिका बीके अंजना बहन आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, पानीपत के मंदिरों में व धार्मिक संस्थाओं में पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### भूमि की खरीद में धोखाधड़ी का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के थाना हुडा सेक्टर 13-17 पुलिस ने कृष्ण निवासी गांव गढी केसरी जिला सोनीपत की शिकायत पर पानीपत के गांव बराना निवासी कुलदीप पर धोखाधडी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। कृष्ण का आरोप है कि कुलदीप ने अपनी जमीन अपने ही गांव के निवासी जगत सिंह को बेच रखी थी। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सुरक्षा गार्ड की भर्ती चार से

**पानीपत।** जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से निजी क्षेत्र की सिक्योरिटी स्किल काउंसिलिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए चार से सात अगस्त अगस्त तक जिले के विभिन्न ब्लॉकों में रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से पहले अपना रोजगार पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने दी।

### जुलाई में ही मिलेगा गेहूं का कोटा

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी मनीषा मेहरा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पीडीएस के तहत वितरित किए जाने वाले एनएफएस गेंहू मास अगस्त का लाभार्थियों में मास जुलाई में ही वितरित किया जाना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले मास अगस्त का एनएफएस गेंहू मास जुलाई में ही सम्बन्धित राशन डिपुओं से लेना सुनिश्चित करें।

## एंजल का महिला युवा संवाद के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत की बेटी एंजल अहलावत का चयन 31 जुलाई को हरियाणा विधानसभा में आयोजित महिला युवा संवाद-2026 के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद चयनित एंजल को रूलिंग सत्यापक पोर्टफोलियो आवंटित किया गया है। वह विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिला नेतृत्व वाले विकास की भूमिका विषय पर विचार रखेंगी। बता दें कि एंजल, डीएसपी नरेश अहलावत व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.अलका अहलावत की सुपुत्री हैं। एंजल ने उच्च शिक्षा ब्रिटेन में हासिल की है। एंजल की उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पानीपत और हरियाणा के लिए गौरव का विषय बताया है।

### दुकान से नकदी व सामान चोरी

**समालखा।** पानीपत के गांव मनाना में सहकारी बैंक के समीप स्थित प्रवीण की परचून की दुकान में अज्ञात चोरों ने छत उखाड़कर हजारों रुपए की नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। प्रवीण की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने घटनास्थल जांचा और केस दर्ज किया। चोर दुकान से 20 हजार की नगदी व तीन हजार रूपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए।

### घर से नगदी चोरी

**समालखा।** पानीपत के गांव करहंस निवासी रमेश कुमार के घर से चोरों ने ₹1.80 लाख की नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। रमेश की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों की तलाश कर रही है।

### श्लोकोच्चारण में टैगोर हाउस प्रथम

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टैगोर हाउस प्रथम, चाणक्य हाउस द्वितीय रहा। विजेताओं को प्राचार्या सुमिता अरोड़ा ने पुरस्कृत किया। जबकि प्रतियोगिता का मूल्यांकन शिक्षिकाओं मंजू रानी व रमा शर्मा ने किया।

### उमरी में 124 करोड़ की लागत से बनेगा गुरु रविदास धाम

# संत रविदास ने सद्भावना का संदेश दिया : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के विकास,पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भारतीय संत परंपरा के महान संत, समाज सुधारक, कवि तथा निर्गुण भक्ति आंदोलन के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। उन्होंने ऐसे समय में समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे, सेवा और मानवता का संदेश दिया, जब जाति-पांति, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव अपने चरम पर था। संत रविदास ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को नई दिशा दी और उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की पवित्र कलश यात्रा वाराणसी से प्रारंभ हुई है और देश के संगठन के तौर पर 27 जिलों से होकर गुजर रही है। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक राष्ट्रीय अभियान है।

**आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा**



मंत्री पंवार ने कहा कि 30 जुलाई को यह पवित्र कलश यात्रा गुरुग्राम के सरहौल बॉर्डर पर पहुंचेगी, यहां भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं, इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र के उमरी में लगभग पांच एकड़ भूमि पर 124 करोड़ रुपसे की लागत से गुरु रविदास धाम का निर्माण कराया जा रहा है। यह धाम आने वाली पीढ़ियों के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

## निष्काम भक्ति करने से भगवान की कृपा होती है प्राप्त : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



श्री राधा कृष्ण मंदिर यमुनागली रादौर में चल रही श्रीकृष्ण कथा में पांचवे दिन कथाव्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने मानव जीवन में निष्काम भक्ति के महत्व को बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु की लीलाओं का गुणगान किया गया। जिन्हें सुनकर साध संगत भाव विभोर हो गई। कथाव्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने फरमाया कि मानव जीवन में प्रभु की निष्काम भक्ति करने का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि भगवान केवल सच्ची भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। भगवान धन, बल, विद्या या ऊंचे कुल से प्रसन्न नहीं होते हैं। वह तो अपने भक्त के भावों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि निष्काम भक्ति से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ध्रुव की आयु, गजेन्द्र की विद्या, सुदामा का धन, कुब्जा का रूप, विदुर का वंश तथा उग्रसेन का बल विशेष नहीं था।

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलर्स डे मनाया

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलर्स डे का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम में गत वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों को उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक व स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई, के वाइस चांसलर अशोक कुमार ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एसडीएम मंदीप सिंह, डीएसपी नरेंद्र कादयान, पानीपत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के एमडी विकास शर्मा, राजेश शर्मा आदि ने भी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

